


## गुरुत्व के गुरु और उनका अंधा चेला

सुबह सैर के बाद आकर चाय पी ही रहा था कि फोन बज उठा।

बिना किसी परिचय के उस ओर से दहाड़ती सी आवाज आई 'आप क्या रहे हैं? आप गलत कर रहे हैं क्या आप जानते हैं? '

मैंने कहा 'काफी दिनों से आदत है बस निभाये जा रहा हूं। मैं जानता हूं चाय पीना बुरी बात है। वह भी शक्कर के दाम बढ़ने की वजह से दिन में सिर्फ दो बार पीता हूं वह भी एक-एक चम्मच शक्कर से चला लेता हूं दो चम्मच की बजाय।'

उधर से हूंकार भरी आवाज आई 'मैं चाय के बारे में या सिगरेट के बारे में या शराब के बारे में नहीं बोल रहा हूं।' मैंने कहा 'मुझे तो चाय के अलावा कोई दूसरी बुरी आदत नहीं है तो आप किस बारे में बात कर रहे हैं?'

उधर से फिर बड़ी गंभीर आवाज में उस शख्स ने कहा 'आज का अखबार देखा है?' मैंने कहा 'हां मालूम है महंगाई फिर बढ़ गई है। रुपए का अवमूल्यन हो गया है डॉलर की तुलना में। सेंसेक्स कई पॉइंट गिर गया है और प्रधानमंत्री ने कल सब के साथ मिलकर ओणम मनाया।'

'मैं आप से हेडलाइंस नहीं पूछ रहा हूं भाई। आपका जो कॉलम है, जिसमें आपने हमारे भगवान को खरी खोटी बातें जो सुनाई हैं, मैं उसके बारे में बातें कर रहा हूं। '

मैंने कहा 'मैं कभी किसी भी धर्म या भगवान या खुदा या यीशु के बारे में नहीं लिखा करता या खरी खोटी सुनाया नहीं करता। आपने शायद गलत नंबर पर फोन लगाया है।' उधर से उस आदमी ने मेरे नाम की पुष्टि की और कहा 'आप तो वही है न जो एक व्यंग्य कॉलम लिखते हैं? '

मैंने कहा 'हां तो' 'आपने आज के कॉलम में क्या लिखा है?' मैंने बताया ' व्यस्त बड़े भैया की बातें लिखी हैं और क्या लिखा है नो आराम सिर्फ काम।'

'जिसके करोड़ों भक्तहैं, लाखों अनुयाई हैं और सैकड़ो शिष्य हैं ऐसे लोकप्रिय विश्व गुरु के बारे में आपका यह कथन, यह व्यंग्य क्या शोभा देता है आपको? यह सब तुरंत बंद होना चाहिए।'

मैंने कहा 'आपको शायद याद हो एक कहावत है चोर की दाढ़ी में तिनका। इसका मतलब है कि किसी को भी कुछ भी कहा जाए तो अपनी दाढ़ी में तिनका ढूंढने की जो कोशिश करते हैं आपकी तरह। यह इसका उदाहरण है आपके साथ संवाद। समर्पण के बारे में और उनकी वेशभूषा और दौड़ धूप के बारे में जो लिखा है उसमें गलत क्या है? यह तो सबको पता है कि वे दिन में अठारह घंटे काम करते हैं। यह भी पता है कि बहुत काम करते हैं चाहे विकास आधारित हो या ना हो, लोगों का कल्याण हो या ना हो। कर्मण्ये वाधिकारस्ते माफलेशु कदाचन। बस काम करना है जिस तरह एक गीत है मुसाफिर हूं यारों ना घर है ना ठिकाना मुझे चलते जाना है। इसी तरह काम करते जाना है।'

फिर मैने पूछा 'इतना कुछ कह रहे हो आप, अपना नाम तो बताते जाएं।' आवाज आई ' मेरा नाम गुरु गंभीर घंटाल और मैं अपने बड़े भैया का सबसे बड़ा चेला क्योंकि वे विश्व गुरु हैं।

'जब बात आ गई विश्व गुरु की तो मेरी बात सुन लें। विश्व गुरु की बात तब तक सही थी जब तक आप बाईडेन का पक्ष लेकर अपना काम करते रहे। जब से ट्रंप अमेरिका में आया है तब से विश्व गुरु का जो प्रभामंडल है उसमें भारी कमी आई है, धूमिल हुआ जा रहा है और पहली बार भारत का इस तरह से अपमान अमेरिका ने किया है कि कहते नहीं बनता। बार-बार विदेश यात्रा करने की बजाय यदि हम अपने युवाओं को, जो कि भारत की जनसंख्या का बहुत बड़ा प्रतिशत है, को रोजगार मुहैया कराते, महंगाई कम करते, जनकल्याण करते तो शायद कुछ ठीक ही होता। अमेरिका के अध्यक्ष ने हमारा आदर किया, हमारा सम्मान किया जैसे खोखले शब्दों से बिगड़ी परिस्थितियां कहां सीधी होने वाली? खोखले दंभों से जब तक हम नहीं बचेंगे, तब तक हम अपने आप को, अपने अस्तित्व को बचा पाने में समर्थ नहीं होंगे। यही में मेरा अपना विचार है। आपके विश्व गुरु आपको मुबारक हो आपका शिष्यत्व उनको मुबारक हो। मुझे बार-बार फोन करके परेशान ना करें। मुझे जो लिखना है मैं लिखूंगा। आपको जो होता है आप करते रहें' उधर से पांच सेकंड का मौन और उसके बाद उन्होंने कहा 'मतलब तुम नहीं सुधरोगे? तुम मुझे नहीं जानते मुझे तुम्हारा पता, पता है और मैं आकर के तुमको बताऊंगा कि मैं क्या कर सकता हूं?' वह आप से तुम पर उतर आया था।

मैंने कहा 'अब सुधरने की कोई संभावना नहीं है घंटाल जी, क्योंकि सुधरने की सीमाएं सारी पार करके आ चुका हूं। और उम्र भी नहीं रही सुधरने की। रही बात आपको मेरा पता पता है यह मुझे पता चला और मैं पता करता हूं कि आपका पता क्या है ताकि मुझे यह पता हो कि आपने जो कही है वह पते की बात है या नहीं? '

गुरु गंभीर घंटाल ने उधर फोन रख दिया और इधर मैं चाय की चुस्कियां लेने लगा।

# कुक्षी में वाल्मीकि समाज का ऐतिहासिक संगम

## गोगा नवमी पर निकला छड़ी मुबारक का भव्य जुलूस, सांसद सावित्री ठाकुर ने किया छड़ी निशान का पूजन

### मुस्लिम समाज के स्वागत ने पेश की गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल





**कुक्षी (ईफराज कुरैशी)।** गोगा नवमी के पावन अवसर पर गुरुवार को कुक्षी नगर में वाल्मीकि समाज द्वारा आस्था, श्रद्धा और उत्साह के साथ जाहरवीर गोगाजी महाराज की छड़ी मुबारक का विशाल एवं भव्य जुलूस निकाला गया। धार्मिक उल्लास से सराबोर इस आयोजन में धार एवं बड़वानी जिले के विभिन्न शहरों से करीब 20 छड़ी मुबारक कुक्षी पहुंची थीं। सभी सुसज्जित छड़ी मुबारक के एक साथ नगर भ्रमण ने कुक्षी में अद्भुत धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण निर्मित कर दिया। जुलूस का शुभारंभ कृषि उपज मंडी प्रांगण से हुआ। इसके बाद विशाल चल समारोह विजय स्तंभ चौराहा, बढ़पुरा मोहल्ला, कचहरी चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ मंगलवारिया क्षेत्र में पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर जुलूस का आत्मीय स्वागत किया। कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में सांसद सावित्री ठाकुर ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ गोगाजी महाराज की छड़ी निशान का विधिवत पूजन-अर्चन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

**जामा मस्जिद के सामने मुस्लिम समाज ने किया भव्य स्वागत-** जुलूस जब बढ़पुरा मोहल्ले स्थित जामा मस्जिद के सामने पहुंचा तो मुस्लिम समाज के वरिष्ठजनों द्वारा चल समारोह का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पुष्पवर्षा और आत्मीय स्वागत के इस दृश्य ने नगर में आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की एक अनूठी एवं प्रेरणादायक मिसाल पेश की। इसके अलावा नगर के अनेक स्थानों पर सर्व समाज के लोगों ने भी जुलूस का ऐतिहासिक स्वागत किया।

**कचहरी चौक पर छड़ी मुबारक का सामूहिक नृत्य बना आकर्षण का केंद्र-** चल समारोह का सबसे रोमांचक और आकर्षक दृश्य कचहरी चौक पर देखने को मिला, जहां सभी छड़ी मुबारक का सामूहिक नृत्य किया गया। युवाओं ने अपनी कमर पर करीब 100 किलो से अधिक वजन और लगभग 25 फीट लंबी छड़ी ध्वज निशान धारण कर डीजे और ताशे की धुन पर जोशपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। यह अद्भुत दृश्य देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। धार्मिक जयकारों, ढोल-ताशों और संगीत की धुनों के बीच पूरा वातावरण आस्था और उत्साह से सराबोर रहा। चल समारोह में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खासकर बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था, वहीं समाज की महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में जुलूस में शामिल होकर अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। गोगा नवमी के अवसर पर निकला यह विशाल चल समारोह कुक्षी नगर में सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था और आपसी भाईचारे की एक यादगार तस्वीर छोड़ गया।

# परिवहन विभाग द्वारा क्षमता से अधिक सवारी एवं अधिक किराया वसूली के विरुद्ध चलाया जा रहा चेकिंग अभियान





**धार।** कलेक्टर धार श्री राजीव रंजन मीना के आदेश के परिपालन में एवं परिवहन आयुक्त के मार्गदर्शन में जिले में यात्री बसों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने एवं निर्धारित से अधिक किराया वसूलने के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी धार श्री हृदेश यादव, परिवहन उप निरीक्षक कुमारी दिव्या पाटीदार, सहायक वर्ग-2 श्री मधुकर सिसोदिया एवं उनकी टीम द्वारा यात्री बसों की सघन जांच की गई। अभियान के तहत धार जिले के दत्तीगांव टोल क्षेत्र में विशेष रूप से यात्री बसों की चेकिंग की जा रही है। चेकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई। अभियान के तहत अब तक विभिन्न वाहनों से लगभग 51 हजार 500 रुपये शमन शुल्क वसूला गया है। परिवहन विभाग द्वारा बताया गया कि यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी एवं निर्धारित किराए से अधिक वसूली पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## बृजमोहन तापड़िया का स्वर्गवास




**बाग।** नगर के प्रतिष्ठित गणमान्य, माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ बृजमोहन तापड़िया का आज आकस्मिक स्वर्गवास हो जाने से बाग नगर में शोक की लहर फैल गई। तापड़िया माहेश्वरी समाज की संचालन समिति में सदस्य एवं वरिष्ठ पदाधिकारी के रूप में लंबे समय तक समाज सेवा में सक्रिय रहे थे। नगर की सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उनकी गरिमामय उपस्थिति रहती थी। सीमेंट व्यवसाई मनीष, नितेश रितेश,के पिताश्री थे, वहीं वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश तापड़िया के बड़े भ्राता थे। वहीं कृषि दवा केन्द्र के सत्यनारायण तापड़िया के भी बड़े भ्राता थे। उनके स्वर्गवास की खबर लगते ही उनके पैतृक निवास पर उनके शुभचिंतक एवं समाज के सभी वरिष्ठ लोग पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।उनकी अंतिम यात्रा आवास से मुक्तिधाम बाग तक गई, जिसमें सभी वर्गों के सामाजिक लोगों की उपस्थिति रही।म.प्र.आंचलिक संघ के मदन काबरा व दिनेश झंवर,संजय देपाले आदि ने बृजमोहन तापड़िया को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विशेष चेकिंग अभियान में 10.55 लाख रुपए से अधिक का शुल्क वसूला

**धार।** परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना के आदेश के परिपालन में जिले में परिवहन विभाग द्वारा 18 अगस्त से 25 अगस्त 2026 तक विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी धार श्री हृदेश यादव के नेतृत्व में परिवहन उप निरीक्षक कुमारी दिव्या पाटीदार, सहायक वर्ग-2 श्री मधुकर सिसोदिया एवं टीम द्वारा विभिन्न वाहनों की सघन जांच की गई। विशेष अभियान के तहत धार जिले के बगड़ी एवं घाटा बिल्लौद क्षेत्र में वाहनों की विशेष चेकिंग की गई। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही की गई तथा लगभग 2 लाख 16 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त 19 अगस्त 2026 को जप्त की गई एक यात्री बस से 6 लाख 57 हजार 384 रुपये का बकाया मोटरयान कर जमा करवाया गया। इसी प्रकार एक डंपर को जप्त कर उससे लगभग 1 लाख 82 हजार रुपये का बकाया मोटरयान कर जमा करवाया गया। अभियान के दौरान 6 अन्य वाहनों को भी जप्त कर निराकरण की प्रत्याशा में कार्यालय परिसर में खड़ा किया गया है। परिवहन विभाग द्वारा वाहन दस्तावेजों, कर एवं अन्य आवश्यक वैधानिक प्रावधानों के संबंध में लगातार जांच की जा रही है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, धार द्वारा समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग एवं नियमानुसार कार्यवाही की जाती है। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध चालानी एवं जप्ती की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इसका उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के साथ ही सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।

# समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान और छात्रावास व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश



**धार।** कलेक्टर राजीव रंजन मीना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 29 अगस्त 2026 तथा 03 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाले 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026' की तैयारियों और शासकीय संस्थाओं के निरीक्षण हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों के कार्यों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत आगामी 29 अगस्त को जिला स्तरीय कार्यक्रम नालछा में आयोजित किया जाएगा, जिसके संबंध में संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित स्टॉल लगाने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि अधिक से अधिक आमजन लाभान्वित हो सकें। इसके अतिरिक्त, रक्षाबंधन और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर जिला जेल और गौशालाओं में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

जिले में जनजातीय कार्य विभाग, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग कल्याण, सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन, आईटीआई तथा डायट द्वारा संचालित छात्रावासों, आश्रमों और आवासीय परिसरों की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कलेक्टर ने विभिन्न अधिकारियों को इन संस्थाओं का 'नोडल अधिकारी' नियुक्त किया है। कलेक्टर ने आवासीय परिसरों में निवासरत छात्र-छात्राओं को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा, पौष्टिक भोजन, शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं और सुरक्षा मुहैया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही, विद्यार्थियों के शैक्षणिक, खेलकूद एवं सर्वांगीण विकास के लिए सुनियोजित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए, जिसके तहत ये नोडल अधिकारी अपनी आवंटित संस्थाओं का नियमित व औचक भ्रमण कर सभी भौतिक और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने छात्रावासों के निरीक्षण को लेकर छात्रावासों के निरीक्षण की रिपोर्ट प्रतिमाह की 3 तारीख तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही संबंधित अधिकारियों को कहा कि छात्रावासों में आने वाली शैक्षणिक एवं अन्य उपयोग की सभी सामग्रियों का सदुपयोग हो, साथ ही समेकित छात्रावास प्रबंधन नियमों के तहत समितियों का गठन भी किया जाए।

## 29 अगस्त को प्रधान डाकघर धार में आधार सेवा के लिए विशेष अभियान

**धार।** पोस्टमास्टर, डाक विभाग धार ने बताया कि आम जनता की सुविधा के लिए 29 अगस्त 2026 को प्रधान डाकघर धार स्थित आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन सेवा केंद्र पर विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अभियान के दौरान नागरिकों को नवीन आधार पंजीयन, आधार कार्ड में आवश्यक सुधार, बायोमेट्रिक अपडेट तथा आधार डेटा में मोबाइल नंबर एवं ई-मेल लिंक कराने जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अभियान के लिए 28 अगस्त 2026 से टोकन का वितरण किया जाएगा। डाक विभाग ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार टोकन प्राप्त कर इस विशेष अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# मुस्लिम समाज ने सलाम पठान का इस्तकबाल किया



**बाग।** हाल ही में कांग्रेस कमेटी के धार जिला अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी ने अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे बाग से सलाह खान पठान को जिला कार्यकारिणी में जिला सचिव मनोनीत किया गया । इस मनोनीत के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओ में उत्साह था गया और पठान को सभी ने बधाई शुभकामनाएं दी । बुधवार को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम समाज के निकलने वाले जलसे के साथ मुस्लिम समाज ने सलाम खान पठान का जोरदार पुष्पहारों से इस्तकबाल किया । पठान ने सभी का आभार मानते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी से वहीं हमारे क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंगार जो हर समय किसी भी वर्ग के साथ हमेशा खड़े रहते हैं और उनकी आवाज बनकर उनके हक अधिकार के लिए लड़ते हैं । साथ ही किसी की भी मुसीबत की घड़ी में अगर उन्हें पता चलता हे तो तुरंत आकर उसकी जो सेवा बनती हे करते हैं । इसी प्रकार मजबूत जिला अध्यक्ष के रुप में स्वतंत्र जोशी जी मिले हे हमें जिनके नेतृत्व में पार्टी को जिले में और मजबूती मिलेगी इस दौरान सरपरस्त शराफत खान पठान ,जाफर खान मेंव अल्पसंख्यक रतलाम प्रभारी अब्दूल वाहक,शबाब खान पठान, निसार खान पठान,जेंद खान पठान सरफराज खान पठान,साहेब खान पठान,सलमान मकरानी, शाहनवाज पठान,राजा बाबु, आदि ने इस्तकबाल किया कार्यक्रम का संचालन पत्रकार शहजाद खान भारती वे किया एवं आभार आवेश पठान ने माना।

# पीजी कॉलेज में हुआ 'माय भारत युवा कनेक्ट-खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण



**धार।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 'माय भारत युवा कनेक्ट-खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, एनएसएस स्वयंसेवकों, माय भारत स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुना।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरदार सिंह मेड़ा, विशेष अतिथि कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना, पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष श्री दीपक बिड़कर तथा विधायक प्रतिनिधि श्री दीपेंद्र ठाकुर ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एस. बघेल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। 'खेल की बात पीएम मोदी के साथ' कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल, फिटनेस एवं युवा नेतृत्व के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के राष्ट्रीय दृष्टिकोण से जोड़ना है। साथ ही जिला स्तर पर युवाओं को प्रसिद्ध एवं स्थानीय खिलाड़ियों, सांसदों, विधायकों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से जोड़कर उन्हें खेल क्षेत्र की उपलब्धियों से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करना है। युवा संवाद के माध्यम से खेल परिवेश, प्रतिभा विकास, सुशासन एवं विकसित भारत को लेकर युवाओं के विचारों, दृष्टिकोण एवं आकांक्षाओं को सामने लाना भी कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम के माध्यम से भारत की खेल आकांक्षाओं को विकसित भारतञ्च2047 के विजन से जोड़ते हुए युवा नेतृत्व वाले खेल आंदोलन के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने का संदेश दिया गया। वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की भारत की महत्वाकांक्षा को भी युवाओं के साथ साझा किया गया। देशभर के प्रत्येक जिले से चयनित महाविद्यालयों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरदार सिंह मेड़ा, श्री दीपक बिड़कर एवं श्री दीपेंद्र ठाकुर ने विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक करते हुए अपने विचार साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों में सक्रिय भागीदारी करने तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को खेल के साथ-साथ अध्ययन-अध्यापन में भी अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होती है। उन्होंने युवाओं से उनकी रुचियों, खेलों के प्रति दृष्टिकोण एवं भविष्य की आकांक्षाओं को लेकर संवाद किया तथा खेल एवं शिक्षा के बीच संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवक देवांश प्रजापति, कल्पना सोलंकी, रोहित तथा माय भारत के अमित भिगोरे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवक गोविंद राठौर, अरुण गोयल, विनोद सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के तकनीकी संचालन में डॉ. अमित पाटीदार एवं डॉ. सागर सेन सहित समस्त स्टाफ सदस्यों का सहयोग रहा।